# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007**

निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128


सेवा में,

1. **प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान**
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

2. **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः गुण0वि0/NAT-1/ 5093 /2023-24 दिनांकः 11 अगस्त, 2023

**विषयः "सरल ऐप" के माध्यम से NIPUN Assessment Test (NAT-1) कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया शासनादेश संख्या-1358/68-5-2022-182/2021 दिनांक 27 जून, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा **"निपुण भारत मिशन"** के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु Measurable Goals एवं त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। उक्त शासनादेश द्वारा कक्षा 1-3 के बच्चों का गणित एवं भाषा में अपेक्षित अधिगम स्तर सुनिश्चित करने तथा निपुण लक्ष्यों का बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा त्रैमासिक आकलन कराये जाने के निर्देश प्रदत्त हैं। उक्त संबंध में समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023-24 में प्रस्तुत प्रस्ताव पर भारत सरकार से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में **कक्षा 1 से 8 तक के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चों का "सरल ऐप" के माध्यम से निपुण लक्ष्य/लर्निंग आउटकम पर आधारित त्रैमासिक आकलन कराये जाने का निर्णय लिया गया है।** तत्क्रम में NAT-1 के आयोजन हेतु निर्देश निम्नवत हैं :-

1. **सरल ऐप के माध्यम से कक्षा 1-5 तक के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का भाषा एवं गणित विषयों का तथा कक्षा 6-8 के बच्चों का गणित एवं विज्ञान विषयों का आकलन कराया जाना है।**
2. **जनपदों में NAT-1 का आयोजन दिनांक 11-16 सितम्बर, 2023 की अवधि में आयोजित किया जायेगा। तत्संबंधी मण्डलवार तिथि एवं समय सारिणी निम्नवत है :-**

**NAT-1 परीक्षा की समय-सारिणी**

| दिनांक | कक्षा | मण्डल-1 | मण्डल-2 | मण्डल-3 | मण्डल-4 | मण्डल-5 | मण्डल-6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 सितम्बर, 2023 | कक्षा 1-3 | लखनऊ | अयोध्या | प्रयागराज | सहारनपुर | कानपुर | बरेली |
| 12 सितम्बर, 2023 | कक्षा 4-8 | लखनऊ | अयोध्या | प्रयागराज | सहारनपुर | कानपुर | बरेली |
| 13 सितम्बर, 2023 | कक्षा 1-3 | गोरखपुर | वाराणसी | चित्रकूट | मेरठ | अलीगढ़ | झांसी |
| 14 सितम्बर, 2023 | कक्षा 4-8 | गोरखपुर | वाराणसी | चित्रकूट | मेरठ | अलीगढ़ | झांसी |
| 15 सितम्बर, 2023 | कक्षा 1-3 | देवीपाटन | मुरादाबाद | आजमगढ़ | आगरा | बस्ती | मिर्जापुर |
| 16 सितम्बर, 2023 | कक्षा 4-8 | देवीपाटन | मुरादाबाद | आजमगढ़ | आगरा | बस्ती | मिर्जापुर |

3. **ओ0एम0आर0 शीट्स एवं प्रश्न पत्र का मुद्रणः-**
   - राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा NAT-1 के आयोजन हेतु कक्षा 1-8 के प्रश्न पत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट्स का मुद्रण जेम पोर्टल के माध्यम से कराया जा रहा है। जेम पोर्टल के माध्यम से चयनित मुद्रक द्वारा जनपदों में प्रश्न पत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट्स की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।
   - राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा ओ0एम0आर शीट्स एवं प्रश्न पत्रों की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्तर पर आपूर्ति के उपरान्त विद्यालयवार सीलबन्द बण्डल/पैकेट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से विद्यालय स्तर तक आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।


**Note:** This document is only for the knowledge and bonafide use of the Department of Basic Education, UP Government. Any sharing, publication or reproduction of this document in print or digital form or communication of its contents in any other form by any unconcerned person, body, institute or third party without prior information and approval of the competent authority will be illegal & void ab initio and appropriate action shall be taken against him in accordance with relevant rules & regulations.

- **कक्षा 1 से 3** के बच्चों के लिये प्रति 05 बच्चों पर 01 प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। **कक्षा 4 से 8** के प्रत्येक बच्चे के लिये 01 प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है।
- **कक्षा 1 से 3** के बच्चों के लिये एक ओ0एम0आर0 शीट पर 08 बच्चों का आकलन किया जा सकेगा। **कक्षा 4 से 8** के बच्चों के लिये प्रत्येक बच्चे के लिये एक ओ0एम0आर0 शीट प्रयोग में लायी जायेगी। ओ0एम0आर0 शीट दो प्रकार की होगी:–
  i. कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों के लिये ओ0एम0आर0 शीट्स **(सैम्पल संलग्न)**
  ii. कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों के लिये ओ0एम0आर0 शीट्स **(सैम्पल संलग्न)**
- प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, परीक्षा की शुचिता तथा NAT-1 के सफल एवं समयबद्ध आयोजन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे।

**4. आकलन प्रक्रिया:–**

कक्षा 1 से 3 का आकलन:–

- **कक्षा 1 से 3 के बच्चों की ओ0एम0आर0 शीट पर शिक्षकों द्वारा 9 अंक का Student ID नम्बर भरा जायेगा।**
- शिक्षक द्वारा सभी बच्चों से प्रश्नपत्र में उल्लिखित प्रश्नों का एक–एक कर क्रमवार वार्ता/साक्षात्कार करते हुए राज्य परियोजना कार्यालय से प्रेषित निर्देशानुसार ओ0एम0आर0 शीट भरी जायेगी।
- यदि बच्चा प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देश के अनुसार सही उत्तर देता है, तो संबंधित प्रश्न के सापेक्ष बने गोले को शिक्षक द्वारा काले पेन से भरा जाएगा अन्यथा उसे खाली छोड़ दिया जाएगा।
- **ओ0एम0आर0 शीट को केवल ब्लैक बॉल पेन द्वारा ही भरा जायेगा।**
- आकलन के उपरांत ओ0एम0आर0 शीट को सरल ऐप के माध्यम से शिक्षक द्वारा स्कैन किया जायेगा।
- परीक्षा का समय अधिकतम 1 घण्टा 30 मिनट का होगा। परीक्षा के उपरान्त शिक्षकों द्वारा 01 घण्टे के अन्दर स्कैनिंग की प्रकिया पूर्ण की जानी होगी। बच्चों की संख्या के अनुसार यथावश्यकतानुसार समयावधि निर्धारित की जा सकती है।

कक्षा 4 से 8 का आकलन:–

- कक्षा 4 से 8 के सभी बच्चों को प्रश्न पत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट वितरित करने के उपरान्त प्रश्नपत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट भरने के तरीके के बारे में उदाहरण सहित समझाया जाये ताकि ओ0एम0आर0 शीट को भरने में बच्चों द्वारा गलतियां न हों।
- **सभी बच्चे अपना 9 अंक का Student ID नम्बर भरेंगे तथा शिक्षक द्वारा चेक करने के उपरान्त आवश्यकतानुसार संशोधन करेंगे।**
- बच्चों द्वारा ओ0एम0आर0 शीट में संबंधित प्रश्न के सापेक्ष सही उत्तर के सही गोले (A,B,C,D) को स्वयं भरा जायेगा।
- एक ओ0एम0आर शीट द्वारा एक छात्र का डाटा शिक्षक द्वारा आकलन पूर्ण होने के उपरान्त स्कैन किया जायेगा।
- **ओ0एम0आर0 शीट को केवल ब्लैक बॉल पेन के द्वारा ही भरा जायेगा।** इसके लिये कक्षा 4 व 8 के बच्चों को कम्पोजिट ग्राण्ट से अधिकतम रू0 5/प्रति पेन क्रय करते हुए बच्चों को उपलब्ध कराया जाये।
- परीक्षा का समय अधिकतम 1 घण्टा 30 मिनट का होगा, जिसका समय विभाजन निम्नवत है–
  - ✓ 10 मिनट–प्रश्नपत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट भरने के बारे में बच्चों को समझाना।
  - ✓ 60 मिनट–बच्चे प्रश्नों को हल करेंगे।
  - ✓ 20 मिनट– प्रश्न पत्र हल करने के उपरान्त बच्चों द्वारा ओ0एम0आर0 शीट में सही उत्तर के सही गोले (A,B,C,D) को स्वयं भरा जायेगा।
- आकलन के उपरांत ओ0एम0आर0 शीट को सरल ऐप के माध्यम से शिक्षक द्वारा स्कैन किया जायेगा। परीक्षा के उपरान्त शिक्षकों द्वारा 02 घण्टे के अन्दर स्कैनिंग की प्रकिया पूर्ण की जानी होगी। बच्चों की संख्या के अनुसार यथावश्यकतानुसार समयावधि निर्धारित की जा सकती है।
- परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त प्रश्न पत्र बच्चों को दे दिया जाये तथा ओ0एम0आर0 शीट स्कैन करने के बाद विद्यालय में सुरक्षित रखी जाये।

5. <u>प्रशिक्षणः—</u>

- राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा समस्त जनपदों के जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), एस0आर0जी0, ए0आर0पी0 एवं शिक्षकों के लिये **यू—ट्यूब सेशन** आयोजित किया जायेगा, जिसमें सभी की प्रतिभागिता अनिवार्य होगी। इस संबंध में तिथि एवं समय के बारे में पृथक से सूचित किया जायेगा।
- ओ0एम0आर0 शीट्स स्कैन करने हेतु सरल ऐप के प्रयोग एवं आकलन की प्रक्रिया के संबंध में शिक्षकों के उपयोगार्थ **प्रशिक्षण वीडियो एवं मैनुअल** विभागीय ह्वाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से साझा किया जायेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एस0आर0जी0, ए0आर0पी0, शिक्षक संकुल द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त वीडियो एवं मैनुअल समस्त शिक्षकों तक प्रेषित कर दिया गया है तथा शिक्षक इससे पूर्ण रूप से अभिज्ञ हो गये हैं।

6. <u>वितरण व्यवस्थाः—</u>

- **प्रश्नपत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट का वितरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से विद्यालय स्तर पर सुनिश्चित कराया जायेगा। प्रश्नपत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट के वितरण एवम् उपयोग का अभिलेखीय रख—रखाव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।**
- **खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखण्ड के प्रत्येक विद्यालय में प्रश्नपत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट की उपलब्धता परीक्षा की तिथि के एक दिवस पूर्व ही सुनिश्चित करायी जायेगी।**

<u>परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये सर्वसंबंधित की भूमिका निम्नवत हैः—</u>

1. <u>प्रधानाध्यापक / शिक्षकों की भूमिकाः—</u>

- परीक्षा के संबंध में अभिभावक एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर जागरूक किया जाये, जिससे कि परीक्षा के दिन बच्चों की शत—प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।
- **'सरल ऐप'** के प्रयोग के संबंध में शिक्षकों के उपयोगार्थ राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा विकसित प्रशिक्षण वीडियो एवं मैनुअल सभी शिक्षकों को दिखाना एवं समझाना।
- प्रधानाध्यापक / शिक्षकों द्वारा कक्षा 1—8 के सभी बच्चों के ओ0एम0आर0 शीट्स की स्कैनिंग स्वयं की जायेगी। यदि विद्यालय में नेटवर्क की स्पीड कम है तो निकटस्थ विद्यालय / स्थान पर जाकर स्कैनिंग की जा सकती है।
- प्रधानाध्यापक / शिक्षकों द्वारा प्रत्येक छात्र का 09 अंक का आई0डी0 नम्बर प्रेरणा पोर्टल से निकालकर छात्रवार एवं कक्षावार सूची तैयार की जाये।

2. <u>पर्यवेक्षक की भूमिकाः—</u>

- खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक विद्यालय के लिये एक पर्यवेक्षक नामित किया जायेगा। पर्यवेक्षक उसी विकासखण्ड के दूसरे विद्यालय के सहायक अध्यापक होंगे। आवंटित विद्यालय में शुचितापूर्वक एवं समयान्तर्गत परीक्षा सम्पन्न कराने का पूर्ण उत्तरदायित्व पर्यवेक्षक का होगा।
- परीक्षा के दौरान विद्यालय पर नामित पर्यवेक्षक ही केन्द्र व्यवस्थापक की भूमिका निभायेंगे।
- परीक्षा तिथि को पर्यवेक्षक, प्रधानाध्यापक तथा समस्त शिक्षक / स्टॉफ परीक्षा समय से 01 घण्टा पूर्व विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।
- **परीक्षा के दिन परीक्षा से 15 मिनट पूर्व पर्यवेक्षक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक / शिक्षकों की उपस्थिति में प्रश्नपत्र के बन्द पैकेट खोले जायेंगे तथा उक्त लिफाफे पर "लिफाफा मेरे समक्ष खोला गया" लिखा जाये तथा पर्यवेक्षक, प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा।**
- परीक्षा के दौरान बच्चों को दूर—दूर बैठाया जाये, जिससे परीक्षा नकल विहीन सम्पन्न करायी जा सके।
- परीक्षा समाप्ति के उपरान्त पर्यवेक्षक के सामने ही प्रधानाध्यापक / शिक्षकों द्वारा कक्षा 1—8 के सभी बच्चों की ओ0एम0आर0 शीट्स की स्कैनिंग पूर्ण की जाये।
- कक्षा 1—8 के सभी बच्चों की ओ0एम0आर0 शीट्स की स्कैनिंग पूर्ण होने के उपरान्त ही पर्यवेक्षक विद्यालय परिसर से बाहर जा सकेंगे तथा सकुशल परीक्षा आयोजन के सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी को तथ्यात्मक आख्या भी प्रेषित करेंगे।

3. **खण्ड शिक्षा अधिकारी की भूमिका:–**

- परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालयवार पर्यवेक्षक नामित किये जाने हेतु रोस्टर प्लान तैयार किया जाये तथा आवंटित विद्यालय के संबंध में पर्यवेक्षक को परीक्षा तिथि से दो दिन पूर्व अवश्य सूचित कर दिया जाये।
- आकस्मिक ड्यूटी हेतु कुछ पर्यवेक्षकों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाये, जो परीक्षा के दिन बी0आर0सी0 पर उपस्थित रहेंगे।
- परीक्षा पूर्व विकास खण्ड के समस्त प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय बैठक कर, प्रेषित दिशानिर्देश के क्रम में परीक्षा संबंधी समस्त पृच्छाओं एवं क्रियान्वयन संबंधित कठिनाई/निराकरण के बारे में विस्तार से चर्चा की जाये तथा सर्वसम्बन्धित का उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया जाये।
- **'सरल ऐप'** के प्रयोग के संबंध में शिक्षकों के उपयोगार्थ राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा विकसित प्रशिक्षण वीडियो एवं मैनुअल शिक्षकों के साथ साझा किया जाये तथा उक्त वीडियो एवं मैनुअल को देखने एवं समझने के लिये सभी शिक्षकों को निर्देशित किया जाये।
- परीक्षा से संबंधित राज्य/जनपद स्तर से प्रदत्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए समस्त हितधारकों से समन्वय स्थापित कर विकास खण्ड में शुचितापूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने का पूर्ण उत्तरदायित्व खण्ड शिक्षा अधिकारी का होगा।
- विकासखण्ड द्वारा परीक्षा के सकुशल आयोजन सम्बन्धी आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित की जायेगी।

4. **जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) की भूमिका:–**

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी विद्यालयों में प्रश्नपत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित कराना।
- परीक्षा से संबंधित बी0आर0सी0 पर ओरिएण्टेशन की कार्ययोजना बनाना तथा प्राचार्य, डायट एवं बी0एस0ए0 के मार्गदर्शन में आवश्यकतानुसार बैठक का आयोजन सुनिश्चित कराना।
- परीक्षा के दिन जनपद स्तरीय अनुश्रवण हेतु कार्ययोजना बनाना एवं स्वयं भी विद्यालयों का अनुश्रवण करना।
- प्राचार्य डायट के अनुमोदन से ए0आर0पी0, एस0आर0जी0, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य डायट की सम्मिलित कोर टीम का गठन कराना, जिसमें परीक्षा से संबंधित पृच्छा का निराकरण तथा सूचनाओं का आदान–प्रदान सुनिश्चित कराना।
- राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा समय–समय पर प्राप्त निर्देशों का पालन तथा सर्वसम्बन्धित को अवगत कराना।

5. **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की भूमिका:–**

- परीक्षा हेतु प्रेषित दिशानिर्देश के क्रम में सभी विद्यालयों में ससमय प्रश्नपत्रों एवं ओ0एम0आर0 शीट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराना।
- परीक्षा के दिन कम से कम दो विकास खण्ड के 10 विद्यालयों का निरीक्षण करना।
- परीक्षा से संबंधित प्रशासनिक व अन्य समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराना।
- समस्त हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराना।
- परीक्षा सम्पन्न होने तक वांछित सूचना समय–समय पर प्राचार्य, डायट एवं राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करना।
- परीक्षा से संबंधित जिला परियोजना कार्यालय में **कन्ट्रोल रूम** की स्थापना करना।
- जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी से अन्य विभागों के अधिकारियों की निरीक्षण हेतु ड्यूटी लगाये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध करना तथा मार्गदर्शन प्राप्त कर परीक्षा सकुशल एवं शुचितापूर्वक सम्पन्न कराना। **जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार अन्य विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी का रोस्टर इस प्रकार बनाया जाये कि प्रत्येक विकास खण्ड के न्यूनतम 50 प्रतिशत यूनिक विद्यालयों का आच्छादन अवश्य हो जाये।**

6. **प्राचार्य, डायट की भूमिका:–**

- परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यकतानुसार कार्यशाला/बैठक का आयोजन करना, परीक्षा आयोजन से सम्बन्धित विस्तृत कार्ययोजना बनाना तथा समस्त हितधारकों की भूमिका स्पष्ट करना।

- परीक्षा के दिन विद्यालयों का भ्रमण/अनुश्रवण करना एवं परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यकतानुसार निर्देश प्रदान करना।
- परीक्षा के दिन न्यूनतम दो विकास खण्ड के 10 विद्यालयों का निरीक्षण करना।
- परीक्षा के क्रियान्वयन संबंधी फीडबैक का आदान–प्रदान करना तथा जनपद एवं विकासखण्ड स्तर पर आ रही समस्याओं का समाधान करना एवं वांछित सहायता त्वरित रूप में उपलब्ध कराना।

**7. <u>मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) की भूमिकाः–</u>**

- परीक्षा की तैयारी हेतु मण्डल के सभी जनपदों की निरन्तर समीक्षा करना।
- प्राचार्य, डायट एवं बी0एस0ए0 के साथ समन्वय स्थापित कर परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराना ।
- परीक्षा से संबंधित फीडबैक राज्य परियोजना कार्यालय, एस.सी.ई.आर.टी. एवं बेसिक शिक्षा निदेशालय को प्रेषित करना।
- परीक्षा के दिन मण्डल के कम से कम दो जनपदों के न्यूनतम 10 विद्यालयों का निरीक्षण करना।

**NAT परीक्षाओं का उद्देश्य विद्यालयों में बेहतर एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का सृजन करना है। NAT के माध्यम से बच्चों के वर्तमान अधिगम स्तर का पता लगाना है, जिससे कि आवश्यकतानुसार कक्षा संचालन, रिमिडियल शिक्षण एवं अन्य सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके।** NAT परीक्षा परिणाम के आधार पर किसी प्रकार का उत्तरदायित्व निर्धारण नहीं किया जायेगा। अतः पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ परीक्षा का आयोजन कराया जाये।

भवदीय,

**(विजय किरन आनन्द)**
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**
**उत्तर प्रदेश।**

पत्रांकः गुण0वि0/NAT-1/ 5893 /2023–24 दिनांकः उक्तवत
**<u>प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>**

1. अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, निशातगंज, लखनऊ, उ0प्र0।
4. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
5. शिक्षा निदेशक (बेसिक), बेसिक शिक्षा निदेशालय, निशातगंज, लखनऊ, उ0प्र0।
6. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ, उ0प्र0
7. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
8. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज।
9. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
10. वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा/सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, जिला परियोजना कार्यालय, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
11. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) समग्र शिक्षा, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
12. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

**(विजय किरन आनन्द)**
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**
**उत्तर प्रदेश।**

प्रारूप

| क. स | छात्र आईडी | Q1 | Q2 | Q3 | Q4 | Q5 | Q6 | Q7 | Q8 | Q9 | Q10 | Q11 | Q12 | Q13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 2 | | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3 | | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 4 | | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 5 | | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 6 | | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 7 | | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 8 | | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

यह OMR शीट कक्षा 1 से 3 के आकलन के लिये इस्तेमाल की जानी है।
जिस प्रश्न का उतर विद्यार्थी सही दे पाएं उसके गोले को भरें अथवा खाली छोड़ें।

प्रारूप

| छात्र आईडी | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न. | उत्तर | | | | प्रश्न. | उत्तर | | | | प्रश्न. | उत्तर | | | |
| | A | B | C | D | | A | B | C | D | | A | B | C | D |
| 1 | ○ | ○ | ○ | ○ | 11 | ○ | ○ | ○ | ○ | 21 | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 2 | ○ | ○ | ○ | ○ | 12 | ○ | ○ | ○ | ○ | 22 | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3 | ○ | ○ | ○ | ○ | 13 | ○ | ○ | ○ | ○ | 23 | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 4 | ○ | ○ | ○ | ○ | 14 | ○ | ○ | ○ | ○ | 24 | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 5 | ○ | ○ | ○ | ○ | 15 | ○ | ○ | ○ | ○ | 25 | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 6 | ○ | ○ | ○ | ○ | 16 | ○ | ○ | ○ | ○ | 26 | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 7 | ○ | ○ | ○ | ○ | 17 | ○ | ○ | ○ | ○ | 27 | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 8 | ○ | ○ | ○ | ○ | 18 | ○ | ○ | ○ | ○ | 28 | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 9 | ○ | ○ | ○ | ○ | 19 | ○ | ○ | ○ | ○ | 29 | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 10 | ○ | ○ | ○ | ○ | 20 | ○ | ○ | ○ | ○ | 30 | ○ | ○ | ○ | ○ |

उत्तर गोले में लिखें|